खण्ड - अ

**Section - A**

1. क) दो बिन्दु आवेश $k_1$ परावैद्युतांक वाले माध्यम में रखे हैं। उनके मध्य लगने वाला स्थिर वैद्युतिक बल $F$ है। यदि माध्यम का परावैद्युतांक बदल कर $k_2$ हो जाय तब, इनके मध्य स्थिर वैद्युतिक बल होगा

i) $\frac{k_2}{k_1}F$  ii) $\frac{2k_1}{k_2}F$

iii) $\frac{k_1}{k_2}F$  iv) $2F$  1

ख) यदि किसी उत्तल लेंस की लाल एवं बैंगनी प्रकाश के लिए फोकस दूरियाँ क्रमशः $f_r$ एवं $f_v$ हों, तब

i) $f_r = f_v$  ii) $f_v < f_r$

iii) $f_r < f_v$  iv) $f_v \geq f_r$  1

ग) वैद्युत चुम्बकीय तरंगों के वैद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र सदिशों में कलान्तर होता है

i) 0  ii) $\pi$

iii) $\pi/2$  iv) $3\pi/2$  1





घ) किसी धातु से प्रकाश इलेक्ट्रॉनों के उत्सर्जन हेतु आवश्यक प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 2000 Å है। 1000 Å का विकिरण आपतित होने पर उत्सर्जित प्रकाश इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा होगी

i) 12·4 eV  ii) 6·2 eV

iii) 10·0 eV  iv) 3·1 eV  1

ङ) $l$ लम्बाई के तार में $i$ एम्पियर की धारा प्रवाहित है। तार $B$ वेबर/मी$^2$ चुम्बकीय क्षेत्र से 30° पर झुका है। तार पर चुम्बकीय क्षेत्र के कारण लगे बल का मान होगा

i) $iBl$  ii) $iBl/2$

iii) $2\,iBl$  iv) $\frac{\sqrt{3}}{2}iBl$  1

च) 6 वोल्ट वि० वा० ब० के तीन सेलों को समान्तर क्रम में जोड़ा गया है। संयोजन का वि० वा० ब० होगा (सेलों के आन्तरिक प्रतिरोध नगन्य हैं)

i) 3 वोल्ट  ii) 2 वोल्ट

iii) 4 वोल्ट  iv) 6 वोल्ट  1

